POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 03.06.2026

1.थाना सेक्टर-20 पुलिस व SOG टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए साड़ियों में छिपाकर गांजा तस्करी करने वाले गैंग का पर्दाफाश कर 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 37 किलो 696 ग्राम गांजा (अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये) व तस्करी में प्रयुक्त 39 साड़ियाँ बरामद।

कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण-- दिनांक 02/03.06.2026 की रात्रि में सेक्टर-20 पुलिस व SOG टीम द्वारा मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए साड़ियों में छिपाकर गांजा तस्करी करने वाले गैंग का पर्दाफाश कर 02 शातिर अभियुक्त (1) शुभम पाठक पुत्र राजेश पाठक (2) शिवम दूबे पुत्र अरुण कुमार दूबे को सेक्टर-17 नोएडा से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे 37.696 किलोग्राम गांजा जिसकी अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये व तस्करी में प्रयुक्त 39 साड़ियाँ बरामद की गई है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- अभियुक्तगण से की गई पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि इस पूरे गैंग का सरगना शुभम पाठक है, जो लगभग पिछले दो-तीन वर्षों से इस अवैध गतिविधि में संलिप्त है। अभियुक्त शुभम पाठक द्वारा पश्चिम बंगाल से पार्सल के माध्यम से विभिन्न कोरियर कंपनियों का उपयोग करते हुए साड़ियों की पैकिंग के अंदर गांजा छिपाकर दिल्ली के आसपास के क्षेत्रों में भेजा जाता था। वह प्रायः अधूरे अथवा असत्यापित पते पर माल मंगवाता था तथा पार्सल पहुंचने से पूर्व ही फोन के माध्यम से उसे प्राप्त कर लेता था।

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा यह भी बताया गया कि गांजे को साड़ियों की पैकिंग में इस उद्देश्य से छिपाया जाता था ताकि जांच के दौरान किसी प्रकार का संदेह उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त यह भी बताया गया कि उक्त गांजा उच्च गुणवत्ता का है, जिसे ओडिशा एवं आंध्र प्रदेश तथा पर्वतीय क्षेत्रों में पाई जाने वाली विशेष पत्तियों को सुखाकर, बार-बार प्रसंस्करण एवं एक विशेष रासायनिक प्रक्रिया के माध्यम से तैयार किया जाता है, जिससे इसकी मादक क्षमता सामान्य गांजे की तुलना में कई गुना अधिक हो जाती है। इसी कारण इसकी मांग बाजार में अधिक होने के साथ-साथ इसकी कीमत भी सामान्य गांजे की तुलना में काफी अधिक होती है। अभियुक्त शुभम पाठक ने बताया कि बरामद गांजे की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 20 से 25 लाख रुपये है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--

1. शुभम पाठक पुत्र राजेश पाठक निवासी खिरई का पूर्वा, थाना इनायत नगर, अयोध्या वर्तमान पता ईस्ट विनोद नगर, मयूर विहार फेस-2, दिल्ली, उम्र -26 वर्ष, शिक्षा- स्नातक।

2. शिवम दूबे पुत्र अरुण कुमार दूबे निवासी जवाहर दूबे का पूर्वा, थाना कुमारगंज, अयोध्या वर्तमान पता ईस्ट विनोद नगर, मयूर विहार फेस-2, दिल्ली, उम्र -24 वर्ष, शिक्षा- स्नातक।

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0सं0 196/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट, थाना सेक्टर-20, गौतमबुद्धनगर।

अभियुक्त शुभम पाठक का आपराधिक इतिहास--

1. मु0अ0सं0 196/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट, थाना सेक्टर-20, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 129/2024 धारा 323/504/506 भादवि, थाना इनायतनगर, अयोध्या।
3. मु0अ0सं0 052/2022 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट, थाना बीकापुर, अयोध्या।
4. मु0अ0सं0 185/2021 धारा 307 भादवि, थाना बीकापुर, अयोध्या।
5. मु0अ0सं0 308/2021 धारा 307/41/411/419/420/467/468/471 भादवि, थाना बीकापुर, अयोध्या।
6. मु0अ0सं0 309/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना बीकापुर, अयोध्या।
7. मु0अ0सं0 082/2020 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना इनायतनगर, अयोध्या।
8. मु0अ0सं0 463/2020 धारा 323/504/506 भादवि, थाना इनायतनगर, अयोध्या।

बरामदगी का विवरण--

1. 37 किलो 696 ग्राम गांजा (अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये)
2. तस्करी में प्रयुक्त 39 साड़ियाँ